पत्र सं0–13 / चि0प्र0–03–04 / 2026..... /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन,
जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना ।

पटना, दिनांक–

विषयः– स्व0 सुरेश चौधरी, तत्कालीन कनीय अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन प्रमंडल, भागलपुर के पुत्र श्री अभिषेक कुमार के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–882 दिनांक 20.06.2026, पत्रांक–16 दिनांक–08.01.2020 एवं विभागीय पत्रांक 4712 दिनांक–18.12.2022

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा स्व0 सुरेश चौधरी, तत्कालीन कनीय अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन प्रमंडल, भागलपुर के 27 वर्षीय पुत्र श्री अभिषेक कुमार के गॉल ब्लाडर शल्यचिकित्सा क्रमशः दिनांक–12.09.2019 से 17.09.2019 एवं दिनांक– 08.11.2019 से 09.11.2019 को Kantha Surgical Urological & Laparoscopic Research Institute 1281-B, opp. A.N. College, Boring Road, Patna-13 में करायी गई चिकित्सा की प्रतिपूर्ति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

तदालोक में विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा यह परामर्शित किया गया है कि **"स्वास्थ्य विभाग का संकल्प सं0–1920 (14) दिनांक 13.08.2024 की कंडिका–03 (i) के अनुसार पुत्र की आयु 25 वर्ष होने के उपरांत चिकित्सा प्रतिपूर्ति अनुमान्य नहीं है।"**

अतएव उक्त परामर्श के आलोक में स्व0 चौधरी के पुत्र श्री अभिषेक कुमार की आयु 25 वर्ष से अधिक होने के कारण संबंधित आवेदन स्वास्थ्य विभाग का संकल्प सं0–1920 (14) दिनांक 13.08.2024 की कंडिका–03 (i) के तहत अस्वीकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन,

ह0 / –
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–13 / चि0प्र0–03–04 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, गयाजी / कार्यपालक अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन प्रमंडल, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–13 / चि0प्र0–03–04 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– श्री अभिषेक कुमार, पिता–स्व0 सुरेश चौधरी, स्थायी पता–सुरेश सदन, बेतौड़ा (राम जानकी मंदिर के नजदीक), बेउर, अनिसाबाद, पटना, पिन–800002 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अवर सचिव (प्रबंधन)।

ज्ञापांक–13 / चि0प्र0–03–04 / 2026– 5729 पटना, दिनांक 30/9/2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के ईमेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

29/09/26
अवर सचिव (प्रबंधन)।

##Letter-2026, Sec-13, Sys-2